ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

पाठशाला

मौखिक , लिखित प्रश्नोत्तर एवं भाषा ज्ञान

CLASS:V
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER: 13
TOPIC: पाठशाला
SUB TOPIC: मौखिक , लिखित प्रश्नोत्तर एवं भाषा ज्ञान

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

प्रश्नोतर -

मौखिक

1.श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –

मास्टर	भूगोल	अध्यापक	फुसफुसाहट	कापियाँ
राजधानी	असहनीय	सत्य	स्वरूप	प्रचार

2. कम - से - कम शब्दों में उत्तर दीजिए -

(क) बच्चों को किसने डाँटा था ?

उत्तर = बच्चों को संगीत के मास्टर जी ने डाँटा था ।

(ख) भूगोल के अध्यापक जी का नाम बताइए ?

उत्तर = भूगोल के अध्यापक जी का नाम वेणुगोपाल जी था ।

(ग) कापियाँ इकट्ठी कौन कर रहा था ?

उत्तर = एक लड़का कॉपियाँ इकट्ठी कर रहा था ।

(घ) वेणुगोपाल जी का स्वभाव कैसा है?

उत्तर = वेणुगोपाल जी गुस्से वाले स्वभाव के व्यक्ति थे।

(ङ) आज तक क्या नहीं हुआ था ?

उत्तर = अध्यापक वेणुगोपाल जी किसी बच्चे को मारे तथा वह बच्चा अपनी बात पर अडिग रहे ।

लिखित -

1. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए -

को के की ने पर में का

(क) संगीत **के** मास्टर जी ने बड़ी करारी डाँट खिलाई है।

(ख) एक लड़के **को** कॉपियाँ इकट्ठी करने का आदेश दिया ।

(ग) वेणुगोपाल जी **ने** दो - तीन कॉपियाँ ही जाँची थीं ।

(घ) संयुक्त राज्य अमेरिका **की**राजधानी कौन - सी है?

(ङ) इतने वर्षों **में** न जाने कितने शरारती और बदतमीज़ लड़कों की अकल ठिकाने लगाई है।

(च) वे कुरसी **पर** बैठ गए ।

(छ) स्वामी विवेकानंद जी **का** जन्म 12 जनवरी,1863 को हुआ था ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) आज सारे बच्चे चुप क्यों थे ?

उत्तर = संगीत मास्टर जी से डाँट खाने के कारण आज सारे बच्चे चुप थे ।

(ख) बछड़ा कैसा था ?

उत्तर = गणेश की गाय का बछड़ा एकदम उजला व सफ़ेद था ।

(ग) जो बच्चे कॉपी नहीं लाए थे, उन्हें क्या सज़ा मिली ?

उत्तर = जो बच्चे कॉपी नहीं लाए थे, उन्हें अध्यापक वेणुगोपाल जी ने मुरगा (मुर्गा)बना दिया था।

(घ) वेणुगोपाल जी ने नरेंद्र से क्या पूछा ?

उत्तर = नरेंद्र की कॉपी देखकर वेणुगोपाल जी ने पूछा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी कौन - सी है?

(ङ) वेणुगोपाल जी को अंत में किस बात की खुशी हुई ?

उत्तर = वेणुगोपाल जी को अंत में इस बात की खुशी हुई कि इतनी डाँट और मार खाने पर भी नरेंद्र सत्य पर टिके रहे और इसी दृढ़ता के कारण अध्यापक की भूल में भी सुधार हुआ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए -

(क) स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर एक परिच्छेद लिखिए ।

स्वामी विवेकानन्द (जन्म: १२ जनवरी,१८६३ – मृत्यु: ४ जुलाई,१९०२) वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् १८९३ में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का वेदान्त अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्ता के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण की शुरुआत " मेरे अमेरिकी भाइयों एवं बहनों " के साथ करने के लिए जाना जाता है । उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ख)' सत्य की हमेशा जीत होती है ।' इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

जो व्यक्ति सदा सत्य बोलता है अंत में जीत उसी की होती हैं. अगर हम भी सत्य बोलेंगे तो निश्चय ही हमारी भी जीत होगी. सत्य को परेशानी एवं कष्टों की राहों पर से गुजरना पड़ता है मगर वह परेशान होकर भी पराजित नहीं होता हैं. सत्यवादी व्यक्ति किसी भी असाधारण कार्य को कर सकता हैं जबकि झूठ बोलने वाला अपना छोटा मोटा काम तो एक बार के लिए निकाल लेता हैं मगर दूसरी बार उसकी तरफ कोई नहीं देखेगा. झूठ बोलने वाले व्यक्ति पर लोग कभी भरोसा नहीं करते है भले ही वह सत्य ही क्यों न बोलने लग जाए.

भाषा ज्ञान

1. निम्नलिखित वाक्यों में ' ओर' या ' और' का प्रयोग कीजिए -

(क) मोहन **और** सोहन पढ़ रहे हैं।

(ख) पढ़ने के बाद वे घर की **ओर** जा रहे हैं।

(ग) वे घर जाकर खाना खाते हैं **और** सो जाते हैं।

(घ) सुबह उठकर वे बगीचे की **ओर** जाते हैं।

2. ' आग' शब्द से संबंधित मुहावरों द्वारा निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए -

(क) आज तो **आग बरस** रही है।

(ख) रामू की करतूत सुनते ही उसके तन - बदन में **आग लग गई** ।

(ग) उसकी आँखों से **अंगारे** बरसने लगे ।

3. ऊँचे स्वर में पढ़िए और समझिए –

रु = र् + उ **गुरु रुपया रुचि रुई रुक**

रू = र् + ऊ **शुरू स्वरूप रूप रूमाल रूखा**

गृहकार्य -पाठ के प्रश्नोतर को कॉपी में लिखकर पढ़ना।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP